हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 6 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री


4 एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी विद्यार्थियों से किया गया संवाद





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### नौकरी की मांग को लेकर भू विस्थापितों का आंदोलन जारी

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर भू विस्थापितों का तकरीबन 20 दिनों से जारी रहा। नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर मड़वा पॉवर प्लांट अंतर्गत आने वाले भू विस्थापित सोमवार 14 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे है। 3 लाख 64 हजार रुपए में ली गई थी। भू-विस्थापितों को 2007 पुर्नवास नीति के तहत नौकरी एवं उनके सह खातेदारों को जब तक नौकरी नहीं दी जाती है, तब तक निर्वहन भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी भी भू-विस्थापितों को नौकरी नहीं दी गई और नहीं निर्वहन भत्ता दिया जा रहा है। इन्ही मुद्दों को लेकर मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भू-विस्थापित श्रमिक संघ एटक के द्वारा भू-विस्थापितों को नौकरी दो, की मांग को लेकर चरणबद्ध अनिश्चित कालीन हड़ताल 14 अक्टूबर से चल रहा है। सोमवार 5 मई को उनका आंदोलन जारी रहा।

### जांजगीर नैला अंतर्गत वार्ड क्रं. 19 में आंबा सहायिका भर्ती के लिए 9 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जॉजगीर नवागढ़2 में नगर पालिका परिषद जॉजगीर-नैला शहरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19 ऑगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 18-01 में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 पद के लिए 9 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि इच्छूक अभ्याथियों से आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है।

### श्री श्याम मंदिर का 14वाँ स्थापना दिवस मनाया जाएगा 9 को

**चांपा।** श्री श्याम बाबा की अपार कृपा से इस वर्ष भी चांपा स्थित श्री श्याम मंदिर का 14वाँ स्थापना दिवस अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन भक्ति, भाव और भव्यता का संगम होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु बाबा के दरबार में हाज़िरी लगाएंगे। 9 मई को यह आयोजन शहर के भक्तगणों और श्याम प्रेमियों के उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया है, जो रेलवे स्टेशन के सामने स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर मोदी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर तक जाएगी।

143 साल पुराने भवन को डिसमेंटल करके तैयार नए भवन का सीएम ने किया लोकार्पण

# जांजगीर को नवनिर्मित तहसील कार्यालय की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सुशासन तिहार के तहत संवाद से समाधान की भावना के साथ आकस्मिक दौरे पर जांजगीर पहुंचे मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को 142 वर्षों बाद एक ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने नव-निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। अंग्रेजी शासन काल में वर्ष 1883 में बना पुराना तहसील भवन अब इतिहास बन गया है और उसकी जगह 4 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन जनता को समर्पित किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक सेवाओं की सरल, सहज और सुगम पहुँच सुनिश्चित हो और यह नवीन तहसील कार्यालय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस भवन से क्षेत्र के 54 गांवों और 24 पटवारी हल्कों के नागरिकों को राजस्व से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। नवीन तहसील भवन में प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के कुशल संचालन के लिए आवश्यक समस्त सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसमें लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वहीं आवक-जावक शाखा में दस्तावेजों का नियमानुसार प्रेषण और आवाज सुनिश्चित किया जाएगा। न्यायालयीन दस्तावेजों के संधारण के लिए नजीर शाखा, निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिए निर्वाचन शाखा, भूमि व राजस्व अभिलेखों के लिए कानूनगो शाखा तथा राजस्व वसूली और आर्थिक प्रबंधन के लिए मालजमादार कक्ष की स्थापना की गई है। साथ ही, कार्यालय भवन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के लिए सर्वसुविधायुक्त कक्ष बनाए गए हैं। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, अध्यक्ष खनिज विकास निगम छत्तीसगढ़ सौरभ सिंह, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित कलेक्टर जन्मेजय महोबे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



नवनिर्मित तहसील भवन का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री साय तथा साथ में प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी सहित वरिष्ठ नेता।

### योजनाओं का मिल रहा लाभ, लोगों में संतुष्टि

प्रदेश में सुशासन तिहार चल रहा है। तीसरे चरण की शुरूआत 5 मई से हुई है। पहले दिन सक्ती जिले के करिगांव और कोरबा जिले के गांव में ग्रामीणो के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान शासन की योजनाओं का लाभ जनता को मिलने और उनमें संतुष्टि की झलक स्पष्ट दिख रही है। यह बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही। वे सुशासन तिहार के तहत आकस्मिक निरीक्षण के साथ जिले में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत में अफसरों की बैठक लेने के उपरांत रात्रि करीब 8:30 बजे पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में शासन प्रशासन जनता के पास पहुंच रही है। वे स्वयं आकस्मिक निरीक्षण में निकले है। इस दौरान लोगों को पीएम आवास, महतारी वंदन सहित अन्य सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लोगों में इस सरकार के प्रति एक संतुष्टि दिखाई पड़ रही है। चर्चा के दौरान टोल नाका में पत्रकारों को छूट मिलने के विषय में चर्चा करते हुए उन्हें इस दिशा में शीघ्र उचित पहल करने की बात कही।

# सुशासन तिहार में प्राप्त 116 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

## शासन द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत मिरौनी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसे मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही साथ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार के तहत सक्ती जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत मिरौनी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसे मौके पर ही निराकरण किया गया। सोमवार 5 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्तियो तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज सक्ती जिले के मिरौनी में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिरौनी में डभरा जनपद पंचायत के ग्राम गोपालपुर, चंदली, कलमा, कांशीडीह, डोमनपुर, नवापारा म, पलसदा, बोरसी, बिलाईगढ़ सि, बरहागुडा, मड़वा, सिरौली, हरदी, बालपुर, से कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सभी आवेदन निराकृत किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदन आदि की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उनके विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, बालेश्वर राम अनुविभागीय अधिकारी डभरा, सी.के. आदिले, सीईओ जनपद पंचायत डभरा, संजय मिंज तहसीलदार डभरा, आशीष पटेल नायब तहसीलदार डभरा, अनुराग भटट नायब तहसीलदार चन्द्रपुर तथा समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



दिव्यांगों को ट्राइसिकल प्रदान करते अफसर।

### सीईओ की उपस्थिति में बैठक आयोजित

**बिर्रा।** बारह पंचायत के समस्याओ का निराकरण समाधान शिविर मंगलवा 6 म ई को बिर्रा में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री के अभिनव पहल पर सुशासन तिहार शिविर प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया तथा शिविर में प्राप्त आवेदन का निराकरण करने के लिए 12पंचायत का समाधान शिविर ग्राम पंचायत बिर्रा में जनपद पंचायत सीईओ प्रज्ञा यादव एसडीओ भास्कर राठौर, इंजीनियर मनोज दुबे लवकुमार यादव बंसत कोशले व सरपंच सचिव की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत सीईओ प्रज्ञा यादव ने सभी सरपंच सचिव को निर्देश दिए गए कि आगामी 6 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में 12ग्राम पंचायत के आवेदन पत्र की समीक्षा कर मौके पर निराकरण किया जाएगा। समीक्षा बैठक में सचिव रोहित पटेल, छबि कश्यप, नेतराम मांझी छोटे लाल पटेल श्रीमती सरही कश्यप राजकुमार भैना सड़वा साहू दिलीप कुमार साहू सेवकराम कश्यप सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू उपसरपंच गोपाल कश्यप एकांश पटेल बलराम कश्यप कमला प्रसाद आदित्य राधे केशवानी, श्रीमती सीमा खुंटे मेलाराम चौहान बुधराम पटेल श्रीमती संतोषी राजकुमार पटेल के अलावा सभी सरपंच सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 130 नग नशीली सीरप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

130 नग नशीली कफ सीरप के साथ एक आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जब्त नशीली दवा की कीमत 41 हजार रुपए बताई जा रही है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के भोजपुर का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप और एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जे.पी. गुप्ता के नेतृत्व में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 18 भोजपुर चांपा में आरोपी शहबाज अली कुरैशी अपने घर में अवैध रूप से नशीली सिरफ रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड मारी और मौके से आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के घर की तलाशी में एक हरे रंग की सफारी कंपनी की ट्रॉली बैग से 130 शीशियां ओनेरेक्स सिरफ और एक मोबाइल बरामद किया गया।थाना चांपा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस रेड में थाना चांपा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, उनि बी.एस. लकड़ा, प्रधान आरक्षक अजय चतुर्वेदी, वीरेंद्र टंडन, पुष्पलता साहू, शंकर राजपूत, वीरेश सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी, आदित्य प्रताप सिंह, सचिन एक्का समेत थाना स्टाफ शामिल रहा।

### एसबीआई के मुख्य मार्ग के सामने बेतरतीब पार्किंग

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के विवेकानंद मार्ग में एसबीआइ बैंक के सामने बेतरतीब पार्किंग का नजारा आम है। इसके बाद भी पुलिस और नगर पालिका के द्वारा कभी भी बैंक प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जबकि यातायात उल्लंघन के नाम पर पुलिस रोज वाहन चालकों से जुर्माना वसूल कर रही है। अवैध पार्किंग से मुक्त कराने में यातायात पुलिस और नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है। नगर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। नगर के अधिकांश मार्ग लोगों के वाहनों का अघोषित पार्किंग स्थल बन गया है। यातायात पुलिस इन मार्गों को वाहनों से मुक्त करने में पूरी तरह असफल हो गई है। वहीं सड़क के किनारे अवैध कब्जा और निर्माण सामग्री रखे होने से आवागमन में बाधा के साथ दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। इसके अलावा सब्जी खरीदने वाले लोग सड़क किनारे बाइक को खड़ी कर देते है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पडती है। यातायात पुलिस इन मार्गों को वाहनों से मुक्त करने में पूरी तरह असफल नजर आ रही है।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।


कार्रवाई को लेकर जिम्मेदार विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री को लेकर एसडीएम से मिले जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से शराब की बिक्री व भंडारण की जा रही है। जिसके चलते लोग नशाखोरी के दलदल में फंसते जा रहे है। इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम से मुलाकात कर इस पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञात हो कि अकलतरा विकासखंड के ग्राम पकरिया,लटिया एवं कल्याणपुर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में बेची जा रही अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए जनपद पंचायत सदस्य ईश्वर साहू के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ईश्वर साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत लटिया, पकरिया एवं कल्याणपुर ,दर्रीटांड सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में अवैध शराब बिक्री की भरमार है जिस पर पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं किये जाने से अवैध शराब बिक्री जोरों पर चल रही है। नशाखोरी के कारण क्षेत्र के युवा अपराध के दलदल में फंसते जा रहे एवं नशा के कारण ही अत्यधिक रूप से वाहन दुर्घटना में बढ़ोतरी हो रही है। खुले व सार्वजनिक क्षेत्र में भी शराब पीने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही जिससे दुर्घटना, लडाई, वाद-विवाद, अपराध बढ़ रही है। शराब दुकानदारों एवं बिचौलियों के मिली भगत से सुनियोजित रूप से अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा एवं इस पर नकेल कसने वाले जिम्मेदार आबकारी विभाग के अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। बताया जा रहा है कि अकलतरा एवं कोटमीसोनार के शराब दुकान से शराब बिचौलिए फुटकर में शराब ले जाते हैं और गांव में बेच देते हैं। क्षेत्र के सभी अवैध शराब बेचने वालों की सेटिंग देसी शराब दुकान दार से है। जहां अवैध शराब न बिकती हो। आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब बेचने वालों को मौन समर्थन दिया जा रहा है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि

### की जाती है कार्रवाई

अवैध रूप से शराब बेचने वालों को संरक्षण देने की बात गलत है। अवैध रूप से शराब विक्रय की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

**शिल्पा दुबे,**
आबकारी उप निरीक्षक
अकलतरा

## खबर संक्षेप

### चिकित्सा जांच शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** एनटीपीसी द्वारा बालिका सशक्तिकरण मिशन 2025 की आगामी गतिविधियों में भाग लेने वाली प्रतिभागियों के लिए एनटीपीसी अस्पताल में एक व्यापक चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। यह सक्रिय पहल एनटीपीसी की युवा बालिकाओं के समग्र विकास और उनके स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चिकित्सा शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे कि ऊंचाई और वजन मापन, दृष्टि परीक्षण, हीमोग्लोबिन स्तर की जांच तथा अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा सामान्य शारीरिक परीक्षण किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी की संपूर्ण जांच के लिए समर्पित स्वास्थ्य टीम ने पूरी सावधानी और सहानुभूति के साथ कार्य किया। इस शिविर में कुल 101 पंजीकृत बालिका सशक्तिकरण मिशन प्रतिभागियों में से 93 बालिकाओं की सफलतापूर्वक जांच की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि अधिकतर प्रतिभागियों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं। शिविर का संचालन डॉ.विनोद कोल्हटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतिभा अर्चना दास, वरिष्ठ परामर्शदाता की देखरेख में किया गया। जिन्होंने प्रत्येक बालिका की समग्र और संवेदनशील जांच सुनिश्चित की।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जमनीपाली में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत 1 मई को पुरातात्विक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुरातत्व विज्ञान, जिले की ऐतिहासिक विरासत और मानव सभ्यता के विकास के बारे में जागरूक करना था। इस सेमिनार के मुख्य संसाधन व्यक्ति हरि सिंह छत्तरी थे, जो जिला पुरातत्व विभाग से जुड़े हैं और वर्तमान में जिला संग्रहालय, कोरबा के प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरातत्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और यह समझाया कि किस प्रकार यह विज्ञान हमें हमारे अतीत से जोड़ता है। श्री छत्तरी ने जिले में प्राप्त प्राचीन औजारों और जीवाश्मों (फॉसिल्स) को भी छात्रों के सामने प्रदर्शित किया, जिससे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से ऐतिहासिक अवशेषों को देखने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि ये अवशेष कैसे मानव जीवन की विकास यात्रा को दर्शाते हैं।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक, झुलसा

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार में चेकपोस्ट भदरापारा बालको निवासी सागर धनवार पिता मिथलेश धनवार एक निजी संस्थान में काम करता है। दुकान के संचालक ने उसे छत पर कुछ काम करने के लिए भेजा था, जहां वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इस हादसे में सागर लगभग 80 प्रतिशत झुलस गया और उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और तथ्यों के बारे में पूछताछ की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### एनसीसी कैडेटों ने फायरिंग रेंज बालको में किया अभ्यास

**कोरबा।** वन सीजी एनसीसी बटालियन द्वारा आयोजित फायरिंग प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेटों ने फायरिंग रेंज (बेला) बालको में फायरिंग का अभ्यास किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेंथिल कुमार एस ने रेंज पहुंचकर फायरिंग कैडेटों को निशानेबाजी के गुर सिखाए एवं कैडेटों को प्रोत्साहित किया। फायरिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कुलवंत तिर्की ने बताया कि देश की रक्षा पंक्ति में एनसीसी का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। सभी कैडेटों को 0.22 राइफल से 25 मीटर रेंज से फायरिंग कराया गया।

शहर में 3 स्थान पर ट्रांसफार्मर हुआ ब्रस्ट, तीन दर्जन से अधिक स्थानों में इंसुलेटर पंचर

# आंधी ने ऐसी मचाई तबाही, 50 स्थान के टूटे तार, तीन दर्जन विद्युत पोल हुए धराशाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**पिछले 24 घंटे से अधिकारी, कर्मचारियों की टीम लगी है विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में**





आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त होकर धराशायी विद्युत पोल।

शनिवार की दोपहर तेज आंधी तूफान ने शहर व आउटर में ऐसी तबाही मचाई है कि 24 घंटे बाद भी कई इलाकों की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में विभाग का पसीना छूट गया है। बताया जाता है कि 50 से अधिक स्थानों में शहरी क्षेत्र में तार टूटकर गिर पड़े हैं तो तीन दर्जन से अधिक इंसुलेटर पंचर हैं तो 3 से अधिक ट्रांसफार्मर भी ब्रस्ट हो गए हैं। इस पूरी व्यवस्था को बहाल करने में विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम लगी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि आज देर रात तक पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था सुधार ली जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि आज देर रात तक पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शनिवार की दोपहर मौसम ने एक बार फिर से अचानक करवट बदली और इतनी तेज आंधी और तूफान थी कि शहर के अलग-अलग स्थान में लगे 50 से अधिक स्थान में पेड़ धरशाही होने की वजह से विद्युत तार जगह-जगह टूटकर गिर गए थे तो 40 से अधिक स्थानों में शहर के तीनों जोन में इंसुलेटर पंचर हो गए थे। साथ ही कई स्थानों में ट्रांसफार्मर ब्रस्ट होने की वजह से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई थी। देर शाम बारिश रुकते ही विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी एक-एक करके विद्युत व्यवस्था बहाल करने में निकले। जहां जगह-जगह धराशाही हुए पेड़ों को काटने में ही पूरा रात निकल गया। कई इलाकों में किसी तरह देर रात को विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका लेकिन ज्यादातर इलाके में अंधेरा छाया रहा। सुबह फिर से विद्युत विभाग की टीम ने अभियान शुरू किया और शहर के तुलसीनगर जोन, पाड़ीमार जोन और दर्री जोन में अलग-अलग टीम विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में जुट गए। जहां सबसे ज्यादा शहर के अलग-अलग इलाकों में टूटे हुए तारों को जोड़ने में विभाग को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। देर शाम तक इसी तरह कुछ इलाकों की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका लेकिन विद्युत विभाग के डीई रोशन वर्मा ने बताया कि विभाग की टीम हर इलाके में विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में लगी हुई है। देर रात को पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया जाएगा।

**बिजली विभाग के खिलाफ चक्काजाम का प्रयास**



विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ उपभोक्ताओं का गुस्सा फूटने लगा है। पुराना बस स्टेंड कोरबा स्थित आदर्श रेडीमेड के सामने बिजली बंद से परेशान व्यापारियों ने चक्काजाम करने का प्रयास किया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर मामला शांत कराया। ज्ञात हो कि कोरबा में शनिवार को आए आंधी-तूफान ने आम लोगों की जिंदगी को बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। शनिवार शाम 3 बजे घरों से बिजली गुल हो गई। कहीं रात के 2 बजे तो कहीं सुबह 5 बजे के बाद और कुछ जगहों पर अभी भी बिजली वापस नही आ सकी। पूरी रात ऊर्जाधानी के लोग, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे अंधेरे और मच्छरों की वजह से परेशान होते रहे।

## चोरों ने ताला तोड़कर लाखों का माल किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- बालको और पाली थाना क्षेत्र में हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने तीन स्थानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मकान मालिकों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रूमगरा ऊपरपारा निवासी पूजा महंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह वर्तमान में अपने डेढ़सास रम्भा बाई जो कलमी डुग्गू दर्री के पास रहती है तथा बीच-बीच में अपने घर रूमगरा ऊपरपारा आना जाना करती है। 25 अप्रैल से अपने डेढसास के यहां थी इसी बीच पूजा महंत के पडोसी समीर विश्वकर्मा ने फोन करके बताया कि उसके घर के सामने का दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा हुआ है तब पूजा महंत अपने घर आकर देखी तो उसके घर के आलमारी का ताला टूटा हुआ था और आलमारी के अंदर रखे सोने का हार, कान का रिंग, नाक का नथनी एवं पूजा महंत के पति का सोने का चैन, 2 नग सोने की अंगूठी एवं चांदी का पायल, कमरबंद एवं नगदी रकम लगभग 40 हजार रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना पाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। ग्राम केराझरिया निवासी निर्मल दास पिता उम्र 57 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 2 मई की सुबह लगभग 8 बजे कोषा आफिस पाली गया हुआ था और निर्मल दास का पुत्र प्रकाशमणी आईटीआई पाली गया हुआ था। प्रकाशमणी आईटीआई पाली से वापस शाम लगभग 5 बजे घर आया तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है, उसके बाद सूचना पर निर्मल दास घर आया और देखा कि घर के अंदर रखे अलमारी का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखा झुमका, टाप्स, दो जोडी चांदी का पायल सहित लगभग 80 हजार रुपए के माल को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। इसी तरह चोरी की तीसरी घटना पाली थाना क्षेत्र में घटित हुआ है। ग्राम चटुवाभौना निवासी यशवंत यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह श्रीराज आर्टोडील पाली में कम्प्युटर आपरेटर का काम करता है। 1 मई को पाली एसबीआई एटीएम से 25 हजार रुपए नगद निकाला था एवं 30 अप्रैल को अपने आफिस से एडवांस 25 हजार रूपये नगद लिया था। 1 मई को ड्यूटी से घर वापस पहुंचकर अपने फूफा बहोरन यादव निवासी दर्राभाठा कटघोरा से मंगाये 50 हजार रूपये नगद कुल 1 लाख रूपये को एक साथ मिलाकर प्लास्टिक के थैला में भरकर अपने घर के बेडरूम में रखा था। जहां यशवंत यादव का जसवंत यादव एवं भांजा ध्रुव यादव सोए थे। यशवंत की सुबह 4 बजे नींद खुली तो उसने देखा तो मोबाइल नहीं था और घर के अन्दर जाकर देखा तो समान इधर उधर बिखरा हुआ था, थैला में रखे नगद 1 लाख रूपये को भी किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोर कर लिया गया। उक्त सभी प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## महापौर ने निगम के भण्डार गृह और वर्कशॉप का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- अव्यवस्थाओं को देखकर अधिकारियों को लगाई फटकार
- व्यवस्था में कसावट लाने दिए निर्देश



निरीक्षण करतीं महापौर।

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने सीएसईबी चौक स्थित निगम के भण्डार गृह और वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही पर निगम के अधिकारियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। इसी दौरान आम जनता व उनसे जुड़े मूलभूत वस्तुएं व पूर्व से ही स्टोर में रखे ई रिक्शा, डस्टबिन, मशीनरी, सफाई के अन्य उपकरण के अभी तक वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने व सामग्री का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को साफ-सफाई के उपकरणों को अनावश्यक रोके जाने का कारण स्पष्ट करने के भी निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर की साफ सफाई, स्वास्थ्य, मूलभुत सुविधाएं व जनहित से जुड़े मुद्दे पर कहा कि किसी समय यदि कमी दिखी तो सम्बंधित अधिकारियों आवश्यक कार्यवाही करें। इस दौरान मौके पर उपस्थित प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा को आवश्यक जाँच कर संबधित शाखा प्रभारी व जिम्मेदार अधिकारियों से कारण बताने व लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को निर्देशित किया गया।

## काम दिलाने के नाम पर सरपंच ने की थी उगाही, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करुमौहा निवासी गंगाराम रात्रे उम्र 38 वर्ष पिता जनक प्रसाद रात्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके गांव के तत्कालीन सरपंच चंद्रशेखर मंझवार के द्वारा गंगाराम को ग्राम पंचायतों में टेंडर दिलवा देने के नाम पर पैसे की मांग की जिस पर चंद्रशेखर के झांसे में आकर गंगाराम 10 जुलाई को 49 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से और उसके इक्विटास बैंक से 13 अगस्त 2020 को 10 हजार, 13 हजार उसके फोन पे से पैसा का ट्रांसफर किया। इस प्रकार गंगाराम के द्वारा चंद्रशेखर को विभिन्न किश्तों में 1 लाख रुपए दिए लेकिन चंद्रशेखर के द्वारा ना तो गंगाराम को टेंडर दिलवाया गया और ना ही गंगाराम की रकम को वापस किया गया।

गंगाराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने चंद्रशेखर के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

## एसईसीएल के विजलेंस टीम ने दो इलेक्ट्रिक फोरमैन को किया निलंबित

**कोरबा।** एसईसीएल की कॉलोनियों में बिजली चोरी के प्रकरणों पर विजिलेंस डिपार्टमेंट ने सख़्ती दिखाई है। अवैध विद्युत कनेक्शन की शिकायत पर कंपनी के जमुना-कोतमा क्षेत्र के दो इलेक्ट्रिक फोरमैन को एरिया प्रबंधन ने रविवार को निलंबित कर दिया है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से एरिया के जमुना टाउनशिप में लगातार अवैध बिजली कनेक्शन की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। बताया जाता है कि टाउनशिप में अवैध रूप से रह रहे लोग तथा कार वाशिंग तथा अन्य कई दुकानदार आदि अवैध कनेक्शन का उपयोग कर एसईसीएल को करोड़ों का चुना लगा रहे थे। इनसे खदानों की विद्युत सप्लाई लाईन भी प्रभावित होती थी। इस प्रकार की शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए सतर्कता विभाग ने सभी संचालन क्षेत्रों को पॉवर ऑडिट कर वास्तविक विद्युत आवश्यकता को परखने का निर्देश दिया था, साथ ही अवैध कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से बंद करने तथा जिम्मेदारों के विरुद्ध सख़्त कारवाई के निर्देश जारी किए थे।

## ग्रामीण पर जंगली सुअर ने किया हमला

**कोरबा।** एक ग्रामीण जंगल में चार फल तोड़ने गया हुआ था जहां से चार फल तोड़कर दोपहर को वह वापस अपने घर लौट रहा था कि इसी दौरान शिकारी जंगली सुअर का शिकार करने में लगे हुए थे। इसी दौरान भागने के दौरान जंगली सुअर ने घर वापस लौट रहे ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीण को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम काशीपानी निवासी प्रताप सिंह उम्र 35 वर्ष पिता अघन सिंह अलसुबह रोज की तरह जंगल चार तोड़ने गया हुआ था। जहां से 4 तोड़ कर वह वापस लगभग 1 बजे अपने घर लौट रहा था कि इसी बीच जंगल में कुछ लोग जंगली सुअर का शिकार करने में लगे हुए थे। इस बीच शिकारी से अपने आपको बचाकर भागते हुए जंगली सुअर का सामना प्रताप सिंह से हो गया और जंगली सुअर ने प्रताप सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया।

**न्यायालय तहसीलदार हसौद**
**जिला - सक्ती (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क......./अ-2 /2023-2024
साकिन- करही तहसील हसौद

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शिवनाथ पिता बुधुराम निवासी ग्राम करही तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम करही में स्थित भूमि खसरा नं. 892 रकबा 0.12 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु खसरा, बी-1, नक्शा खसरा, विक्रय पत्र सहित मूल प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: जिस किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/05/2025 तक अपनी दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अड़भार**
**जिला - सक्ती (छ.ग.)**
**राजस्व मामले मे उपस्थिती नोटिस**

रा.प्र.क्र.-202504311000056/
अ-6/वर्ष-2024-25
ग्राम - भांटा तहसील अड़भार
जिला - सक्ती

समक्ष न्यायालय तहसीलदार अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.) पक्षकार मीना दर्शन पिता राममनोहर दर्शन बनाम मित्रेश कुमार पिता राममनोहर वगैरह

**दावा**

श्री मित्रेश कुमार पिता राममनोहर श्रीमती रुकमणी पति बेवा राममनोहर सभी जाति कलार निवास स्थान भांटा तहसील अड़भार जिला - सक्ती (छ.ग.) आपको सूचित किया जाता है कि उर्पयुक्त मामले की सुनवाई की तारीख 14/05/2025 को दिन के 10:30 बजे स्थान तहसील अड़भार, जिला-सक्ती पर होगी अनुपस्थित होने की दशा मे एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 28/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**अड़भार, जिला सक्ती (छ.ग.)**

जांजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शामन यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर फिटिंग शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
डॉ. श्रीमती ममता साहू
डॉ. योगेश साहू (P.T.)
परसुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Consmetic Treatments

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

5-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/5/2025 7:38 PM Page 1





# 'वॉर 2' का तलवारबाजी वाला सीन हुआ लीक...

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का एक सीन लीक हो गया है। यह इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हुए सीन में ऋतिक रोशन एक जापानी मठ में तलवारबाजी करते हुए में नजर आ रहे हैं। यह सीन इतना शानदार है कि इसे देखकर लगता है मानो कोई हॉलीवुड की बिग-बजट एक्शन फिल्म चल रही हो। इस लीक सीन ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। वायरल हो रहे सीन में ऋतिक रोशन एक शांत और खूबसूरत जापानी मठ में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में पारंपरिक जापानी तलवार (कटाना) है।

## लाइफ Style

# प्रियंका

## मेट गाला से पहले न्यूयॉर्क की सड़कों पर दिखीं

हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की न्यूयॉर्क शहर से कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह पोज देती दिख रही हैं। मेट गाला इवेंट से पहले अभिनेत्री की ये स्टाइलिश तस्वीरें लोगों का ध्यान खींच रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की सोशल मीडिया पर कुछ स्टाइलिश तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर नजर आ रही हैं। आपके बताते चलें कि एक्ट्रेस की ये तस्वीरें मेट गाला फैशन इवेंट से ठीक एक दिन पहले यानी रविवार की हैं। इसमें प्रियंका का कूल अंदाज देखने को मिल रहा है, जो यह बता रहा है कि एक बार से अभिनेत्री मेट गाला फैशन इवेंट में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा ब्राउन कलर के सिंपल कैजुअल ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। वहीं एक्ट्रेस खुले हुए बालों के साथ सनग्लास लगाए हुए भी दिख रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री लोफर शूज पहने हुए स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, एक तस्वीर में वो विक्ट्री साइन बनाते हुए दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा से पहले बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। शाहरुख खान हाल ही में न्यूयॉर्क के जॉन एफ केनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखे गए थे, जिसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मेट गाला फैशन इवेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित होने वाला है। यह इवेंट 5 मई यानी सोमवार को होगा।



## हॉलीवुड मसाला



# खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'




# गिगी ने ब्रैडली के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी फैशन मॉडल और टेलीविजन आर्टिस्ट गिगी हदीद ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडस पर अपनी एक खास तस्वीर से अपने और ब्रैडली कूपर के साथ अपने रिश्ते से पर्दा उठा दिया है। इस तस्वीर से उन्होंने अपना रिश्ता आधिकारिक बना दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने जन्मदिन की कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन, उनके फैंस की निगाहें उनकी एक खास तस्वीर पर टिकी। इन तस्वीरों के साथ एक तस्वीर ऐसी भी है, जिसमें गिगी और ब्रैडली एक-दूजे को किस करते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर से उनका रिश्ता साफ हो गया है कि वाकई में दोनों एक-दूजे को डेट कर रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'मैं 30 की होने पर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत लकी महसूस करती हूं- उन सभी सबक और गिफ्ट्स के लिए, जो लोगों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए!



# पॉवर कपल के रूप में आएंगे नजर ...

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, 'सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे।

## टीवी मसाला



# जयति भाटिया और सुधांशु पांडे का रोमांस हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी जगत में एक्ट्रेस जयति भाटिया ने खूब नाम कमाया है। ससुराल सिमर का से लेकर कई हिट सीरियल में उन्होंने काम किया है तो हीरामंडी जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं हैं। मगर उन्हें दीपिका कक्कड़ की ऑनस्क्रीन सासु मां व शोएब इब्राहिम की मां के रोल में लोग आज भी भूला नहीं पाए हैं। लेकिन, क्या आपको याद है जब जयति भाटिया ने अनुपमा के वनराज उर्फ सुधांशु पांडेय संग रोमांस किया था। हाल में ही इंस्टाग्राम पर सुधांशु पांडेय और जयति भाटिया के शो की एक क्लिप वायरल हुई, जिसमें दोनों का रोमांस देखने को मिला। इस शो का नाम था कन्यादान। जिसे एकता कपूर ने बनाया था। इस शो का हिस्सा किरण खेर भी थीं। जयति भाटिया और सुधांशु पांडे की उम्र में 4 साल का अंतर हैं। जयति जहां 54 साल की हैं तो सुधांशु 50 साल के हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहे हैं और दोनों ने ही टॉप सीरियल्स में काम किया है। ये शो मां बेटियों के रिश्ते पर आधारित था। जहां किरण खेर (रक्षा) ने जयति की मां का रोल प्ले किया था। ये शो 1999 से 2000 तक आया था जिसे एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। उस समय ये शो काफी पॉपुलर हुआ था।

## अभीर ने किया किआरा का अपमान



**नई दिल्ली।** राजन शाही के पॉपुलर सीरियल में इस बार इमोशंस, इगो और इनसाफ की टक्कर देखने को मिलेगी। जहां एक ओर अभिरा और अरमान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं गोयनका और पोद्दार फैमिली आमने-सामने आ खड़ी होती है। एपिसोड की शुरुआत अरमान और अभिरा की बहस से होती है। अरमान चाहता है कि अभिरा अब सिर्फ अपने आने वाले बच्चे पर ध्यान दे और पारिवारिक झगड़ों से दूर रहे, लेकिन अभिरा इस मांग को ठुकरा देती है और कहती है कि एक बड़ी बहू और बेटे की जिम्मेदारी सिर्फ एक बच्चा नहीं, पूरा परिवार होता है। अरमान इस बात से नाखुश है और रिश्ते पर तनाव बढ़ता जा रहा है। चारु पूरे आत्म-सम्मान के साथ गोयनका हाउस पहुंचती है। वहां अभीर न सिर्फ उसका स्वागत करता है, बल्कि किआरा का सामान हटाकर अपने कमरे में चारु को जगह दे देता है। इस अपमान से आहत किआरा, रिश्ते को खत्म करने का फैसला लेती है। एक मंदिर में जब गोयनका और पोद्दार परिवार आमने-सामने आते हैं, तब अभिरा सबके सामने ऐलान करती है कि किआरा तलाक के लिए तैयार है और वो उसका केस लड़ेगी।



# बागी बेचारे' में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी, फैसल -प्रतीक भी आए साथ

*मुंबई। बॉलीवुड में नई फिल्म के जरिए धमाल मचाने की तैयारी की जा रही है और इसका नाम है 'बागी बेचारे'। मशहूर लेखक और निर्माता सुमित पुरोहित इस बार निर्देशक की कुर्सी संभाल रहे हैं। यह फिल्म बीई8 फिल्म्स प्रोडक्शन (अश्वनी कुमार), ट्रेनट्रिपर फिल्म्स और इनक्लूसिव पिक्चर्स के सह-निर्माण से बन रही है। बागी बेचारे में 'स्कैम 1992' फेम प्रतीक गांधी, 'पाताल लोक' के अभिषेक बनर्जी और 'पंचायत' के फैसल मलिक जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। वहीं, मिर्जापुर के लेखक पुनीत कृष्णा इस प्रोजेक्ट में सह-लेखक की भूमिका में हैं, जबकि 'इनसाइड एज' और 'श्रीकांत' के प्रोजेक्ट्स लिख चुके सुमित पुरोहित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसके अलावा, 'बंबई मेरी जान' के निर्माता अश्वनी कुमार और क्रिएटिव प्रोड्यूसर देवांश पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'बागी बेचारे' एक व्यंग्यात्मक कहानी है, जो आज के समय को आईना दिखाएगी।*

*सुमित पुरोहित ने वैरायटी के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'व्यंग्य मेरे लिए एक तरह का सुकून है। यह हमें उन सच्चाइयों का सामना करने की हिम्मत देता है, जो ना तो पूरी तरह सच लगती हैं और ना ही इन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना मुझे यह यकीन दिलाता है कि हम ऐसी कहानियां बता सकते हैं, जो ना सिर्फ ईमानदार हों, बल्कि हमारे समय को बेबाकी से दर्शाएं।' प्रतीक गांधी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना, जो सच्ची कला और सहयोग से बनी हो, बहुत खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह प्रेरणादायक है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता हूं।'*

# हमें पुरानी फिल्मों से सीखने की जरूरत : जैकी

**मुंबई।** लोग कहते हैं टिकट की कीमतें अधिक हैं, लेकिन मेरा मानना है कि लोगों का समय सबसे महंगा है। आजकल की जेन जी जेनेरेशन पुरानी फिल्मों का अनुभव करना चाहती है। यही कारण है कि वो ऑनलाइन उपलब्ध होने पर भी सिनेमाघरों में जाकर पुरानी फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। ये बातें एक्टर से प्रोड्यूसर बने जैकी भगनानी ने वेव्स समिट 2025 में बोलते हुए कहीं।

***सीमित संसाधनों में बनाई शानदार फिल्में :*** मुंबई में आयोजित वेव्स समिट 2025 का रविवार को अंतिम दिन था। इस बीच एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी भी इस समिट का हिस्सा बने। 'बियॉन्ड नॉस्टेल्जिया: द बिजनेस ऑफ रिस्टोर्ड क्लासिक्स' विषय पर आधारित चर्चा में भाग लेते हुए जैकी भगनानी ने सिनेमा की नई दुनिया को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि क्लासिक फिल्में दर्शकों को क्यों आकर्षित करती हैं और आज के फिल्म निर्माता कैसे पिछली फिल्मों और अतीत से प्रेरणा ले सकते हैं। 1970 से लेकर 2000 तक के दशक को याद करते हुए जैकी ने कहा, उस वक्त की फिल्मों में निर्माताओं ने सीमित संसाधनों के साथ शानदार काम किया है और यादगार कहानियां दी हैं। यह शानदार राइटिंग और ईमानदारी से किए गए काम की वजह से संभव हो पाया। आज भी मैं उन फिल्मों से प्रभावित हूं। मैं खुद से ये पूछता रहता हूं कि उस समय उन्होंने ऐसा कैसे किया



***पुरानी फिल्मों को बेहतर क्वालिटी में लाने पर कही ये बात :*** पुरानी फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको अच्छे प्रिंट में लाने पर जैकी ने कहा, 'फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको बेहतर क्वालिटी में तैयार करने का तलब सिर्फ पुराने प्रिंट को स्कैन करना नहीं है। सोचिए 'सिलसिला' फिल्म से मिस्टर बच्चन के यादगार किरदार को वापस लाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाए। यह भी एक तरह से उसे बचाना और उसे नए तरह से लाना ही है।

## दर्शकों के मूड पर निर्भर करती है फिल्म की सफलता

आज के वक्त में एक फिल्म को क्या चीज सफल बनाती है। इस सवाल का जवाब देते हुए जैकी ने कहा, 'इसका एक जवाब नहीं है। हमने 'रहना है तेरे दिल में'को फिर से रिलीज किया और इसने अच्छा प्रदर्शन किया। हमें लगा कि 'बीवी नंबर 1' और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। दर्शकों का मूड बदलता रहता है। पीछे मुड़कर देखें तो आप इसे समझने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि यह 50 प्रतिशत डेटा है और 50% हिम्मत है। अगर आप दोनों को मिला सकते हैं, तो आप अपने मौके बढ़ा सकते हैं।'

## रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की है चुनौती

# 16 साल में 10 बॉक्स ऑफिस क्लैश, शाहरुख से लेकर रणबीर तक से भिड़े अजय

***नई दिल्ली।*** *अजय देवगन की हालिया रिलीज 'रेड 2' इन दिनों सिनेमाघरों में पैसे छाप रही है। हालांकि, 'रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की चुनौती है। क्योंकि फिल्म की जिन फिल्मों के साथ टक्कर हो रही है, उनमें संजय दत्त की 'द भूतनी' से लेकर साउथ की दो बड़ी फिल्में 'रेट्रो'और 'हिट 3' शामिल हैं। हालांकि, इन फिल्मों से मुकाबला करते हुए अजय देवगन की 'रेड 2' रफ्तार से आगे बढ़ रही है। फिल्म को क्रिटिक्स से भी काफी तारीफें मिल रही हैं। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब अजय देवगन की फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर दूसरी फिल्मों से टक्कर हुई हो। इससे पहले भी कई बार अजय की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश हुआ है। इनमें कभी अजय देवगन ने बाजी मारी है, तो कभी उनकी फिल्मों को इस क्लैश का नुकसान उठाना पड़ा है।*

### सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3




पिछले साल दीपावली पर अजय देवगन का मुकाबला राइजिंग स्टार कार्तिक आर्यन से हुआ था। जब अजय देवगन की 'सिंघम अगेन'और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' बॉक्स ऑफिस पर टकराई थीं। कहीं न कहीं इस टक्कर का नुकसान दोनों ही फिल्मों को हुआ था। हॉरर-कॉमेडी और एक्शन की टक्कर में बाजी कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने मारी थी। सिंघम अगेन जहां 297 करोड़ तक पहुंची थी, तो वहीं कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने 311 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### शिवाय और ऐ दिल है मुश्किल




साल 2016 में अजय देवगन और रणबीर कपूर के बीच बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देखने को मिली थी। जब अजय देवगन की 'शिवाय' और रणबीर कपूर की 'ऐ दिल है मुश्किल' एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। शिवाय को खुद अजय देवगन ने डायरेक्ट किया था, जबकि 'ऐ दिल है मुश्किल' करण जौहर के निर्देशन में बनी थी। इसमें रणबीर कपूर की फिल्म ने अजय देवगन की फिल्म पर बढ़त हासिल की थी। अजय की 'शिवाय' एवरेज रही थी। 'शिवाय' की भारत में कमाई जहां 138.55 करोड़ रही थी, तो वहीं 'ऐ दिल है मुश्किल' ने 158.47 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### तान्हाजी और छपाक

2020 में अजय देवगन की 'तान्हाजी'के सामने दीपिका पादुकोण की 'छपाक' रिलीज हुई थी। हालांकि, 'तान्हाजी'ब्लॉकबस्टर रही थी, जबकि 'छपाक'कमाई करने में काफी पीछे रह गई थी। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स की सराहना जरूर मिली थी।



### सन ऑफ सरदार और जब तक है जान

साल 2012 में अजय देवगन की टक्कर बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से हुई थी। इस साल अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' के सामने शाहरुख खान की 'जब तक है जान' ने मुकाबला किया। दोनों ही फिल्मों की कमाई ठीक-ठाक रही थी। अजय जहां कॉमेडी लेकर आए थे, तो वहीं शाहरुख अपने रोमांटिक अंदाज में एक कहानी लेकर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर 'जब तक है जान' ने तकरीबन 167 करोड़ से ऊपर की कमाई की थी।



## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक प्राथमिक पद पर पदोन्नति के लिए काउंसलिंग कल

**जांजगीर-चांपा।** सहायक शिक्षक एल.बी. की अंतिम वरिष्ठता सूची के आधार पर वरिष्ठता क्रमांक 1 से 117 तक के शिक्षकों को विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के पश्चात प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत किया जा चुका है। अब वरिष्ठता क्रमांक 118 से 170 तक के 54 सहायक शिक्षकों को पदोन्नति के लिए 7 मई को काउंसलिंग के माध्यम से चयनित किया जाएगा। इस संबंध में पात्र एवं अपात्र शिक्षकों की सूची संबंधित विकासखंडों को प्रेषित की जा चुकी है। काउंसलिंग प्रक्रिया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जांजगीर में संपन्न होगी। सभी संबंधित शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि को अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज को ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास सिंह, टीचर्स एसोसिएशन के जिला सचिव डॉ.बोधीराम साहू, शालेय शिक्षक संघ के जिला सचिव योगेन्द्र शुक्ला, रितेश गोयल, धनंजय शुक्ला, सतीश स्वर्णकार, आशीष सिंह, शंकर यादव,विजय प्रधान शामिल थे।

### 49वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 11 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में 11 मई को 49वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें डॉ. रजनीश पाण्डेय न्यूरोलॉजिस्ट,डॉ. एस. के. धर डायबिटोलॉजिस्ट, डॉ. वैभव कौशिक आर्थोपेडिक,डॉ. लक्ष्मीनारायण मिश्रा जरनल फिजिशियन डॉ. अम्बिकेश पाण्डेय एनेस्थेशियोलॉजिस्ट उपस्थित रहेंगे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आर्थो,न्यूरो एवं डाइबिटीज जांच शिविर प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होता है। साथ ही निखिल आश्रम में भी शिविर का आयोजन किया जाता है। उक्ताशय की जानकारी शिविर के संयोजक मनोज तिवारी ने दी।

### सेजेस अकलतरा में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 14 को

**अकलतरा।** सेजेस अकलतरा में प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रक्रिया 14 मई को संपन्न की जाएगी। शाला में कुल आवेदन 368 प्राप्त हुए हैं जिसमें कक्षा 1ली में 135, 2री में 42, 3री में सीट रिक्त नहीं, 4थी में 31, 5वीं में 26, 6वीं में 30, 7वीं में 30, 8वीं में 16, 9वीं में 36, 10वीं में 06, 11वीं में 14, एवं 12वीं में 02 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं प्रवेश हेतु एंट्रेंस परीक्षा की सूचना आवेदकों को सूचना पटल एवं फोन के माध्यम से पृथक से दी जाएगी।प्रवेश हेतु आवेदन 5 मई तक ऑनलाइन प्राप्त कर पात्र-अपात्र सूची 6 मई को शाला के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी तत्पश्चात 8 मई तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति स्वयं प्रस्तुत होकर किया जा सकता है। प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया 14 मई को प्रातः10 बजे सेजेस अकलतरा में शाला प्रवेश चयन समिति, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अकलतरा, बीईओ, बीआरसीसी, स्टाफ, पालकगण एवं उपस्थित आमजन के बीच निकाली जायेगी। लाटरी के बाद चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया 17 मई तक पूर्ण की जाएगी।

## निधन

### गणेशराम गबेल

**फगुरम।** ग्राम फगुरम के प्रतिष्ठित किसान बसंत गवेल के पिता गणेश राम गवेल का 5 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम फगुरम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गए उनका एक पुत्र है। उनकी अंतिम यात्रा में आसपास के सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### बरमकेला में हुई एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी मचा हड़कंप

# किसानों को पता ही नहीं और उनके नाम से करोड़ों का लोन उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में समितियों और किसानों को नकद व खाद के नाम पर वितरण किए गए लोन में लाखों की गड़बड़ी सामने आई है। जिस पर बरमकेला में एफआईआर भी दर्ज की गई है। इस एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी कार्रवाई का भय इस फर्जीवाड़े से जुड़े अधिकारी व समितियों संबंधित कर्मचारियों को सताने लगा है।

इस संबंध में सूत्र बता रहे हैं कि इससे संबंधित लोगों ने वर्ष 2019.2023 तक इस फर्जीवाड़े को लगातार जारी रखा। जानकारी के अनुसार 10.20 रुपए के हलफनामे में कुछ लोगों ने झांखर कोटवारी व चौकीदार को आबंटित की गई भूमि को छिछोर उमरिया कोडपाली पुसौर छपोरा के संबंधित क्षेत्र के पटवारी व राजस्व निरीक्षकों की मिलीभगत से और इस हलफनामे के माध्यम से शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करवाया। पंजीयन करने के बाद इसका खाद बीज और केसीसी से मिलने के वाले लोन सहित सभी लाभ का फायदा हुआ। दरअसल जिस भूमि पर कभी खेती नहीं हुई वहां भी दस्तावेजों में धान की फसल लगा होना बताया गया। जिसके आधार पर ही उन्हें लोन अपेक्स बैंक और संबंधित समितियों से मिलता रहा। यानी सामान्य तौर पर समझें तो जो लोन वास्तविक किसानों को मिलना चाहिए था वह लोन इन हलफनामों में दर्ज फर्जी किसानों को मिलता रहा। जिस पर कुछ कमीशन समितियों सहित अपेक्स बैंक के अधिकारियों को भी जाने की जानकारी मिल रही है।




#### 6 साल तक चलता रहा फर्जीवाड़ा

इस मामले में जानकार बताते हैं कि किसानों को फर्जी लोन बांटने का काम संगठित गिरोह के द्वारा सफेदपोश नेताओं के इशारे पर जमकर किया गया। कांग्रेस की सरकार रहते हुए कुछ नेताओं ने वर्ष 2018 से लेकर 2023.24 तक धान खरीदी केंद्रों में बड़े ही संगठित तरीके से सत्ता का उपयोग कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। इस गिरोह ने अपने फायदे के लिए ऐसे लोगों को संबंधित समितियों में पदस्थ कराया जिनके माध्यम से वे इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे सकें। जिसके बाद इनकी सहायता से इस लोन फर्जीवाड़े का असली खेल शुरू हुआ। अहम बात यह है कि इसमें ओडिशा से लाए गए धान को भी खपाया गया।

#### इस तरह आबंटित होता है लोन

दरअसल अपेक्स बैंक हर सीजन में समिति को एक निर्धारित राशि ऋण आबंटित करने के लिए देता है। इसके बाद किसानों को ऋण आबंटित करने का कार्य समिति प्रबंधक और ऑपरेटर करते हैं। यह ऋण नकद और खाद.बीज के रूप में आबंटित किया जाता है। ऋण के आबंटन के बाद एक निर्धारित अवधि में इसकी रिकव्हरी कर बैंक को लौटानी होती है। ऐसे में अपेक्स बैंक और समितियों के बीच का वित्तीय संतुलन बना रहता है। किंतु इसी प्रक्रिया के बीच फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रुपए का गबन किया गया। सूत्र बता रहे हैं कि समितियों ने किसानों को आबंटित ऋण की नकद वसूली करने के बाद राशि को अपेक्स बैंक के खाते में ही जमा नहीं की।

#### इधर,अपेक्स बैंक प्रबंधन ने की सख्त कार्रवाई

घोटाले मामले में पुलिसिया कार्रवाई के दूसरे दिन बैंक मुख्यालय द्वारा शाखा बरमकेला के डीएमआर खाते,केसीसी खाते का प्रारम्भिक जांच की गई। जिसमे शाखा बरमकेला के बैंक कर्मियों द्वारा डीएमआर खातों में नियम विपरीत एवं संदिग्ध ट्रान्जेक्शन तथा समितियों के केसीसी खातों को अनाधिकृत रूप से नामे कर आईएमपीएस ट्रांजेक्शन कर करते हुए प्रारम्भिक जांच में 59.97 लाख का गबन का प्रकरण पाया गया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी
## विद्यार्थियों से किया गया संवाद


संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर बलौदा के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थी एवं प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व विधायक पामगढ़ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने अपने विचार रखे एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं 6से संवाद किया। एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला सह संयोजक नंद चौधरी ने आभार प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम मे जनपद पंचायत बलौदा अध्यक्ष शारदा सनत देवांगन, नपं बलौदा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मंडल अध्यक्ष नीलेश गुप्ता, ओमप्रकाश श्रीवास, गोपेश तुलस्यान, पवन यादव, प्रमोद कश्यप, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मंजुलता सोनी, जमुना देवी रात्रे, पार्षद राजेश देवांगन, रेनू थवाईत, रामसेवक कुम्भकार, राजकुमार सोनी, श्रृषिकेश रात्रे, रतनबाई कुर्रे, पायल अजय कटकवार, हेमंत कटकवार, ओंकार सिंह, भुपेंद्र गुप्ता, एस कुमार देवांगन, रमाकांत यादव, दुर्गा रजक, सतीश यादव, बल्ला श्रीवास, राधेश्याम शर्मा, पुरषोत्तम यादव , ओमप्रकाश सारथी, रफिक कुरैशी, रविवचन रात्रे, देवेन्द्र गौतम, परमानंद राठौर, जागेन्द्र निर्मलकर ,शेखर यादव, अंजनी बरेठ, योगेश गोयल,भूपेश देवांगन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कांसा में नशामुक्ति अभियान रैली निकालकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कांसा में एक प्रभावशाली नशा मुक्ति अभियान रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में गाँव की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी करते हुए जन-जागरूकता की एक मिसाल पेश की।

रैली के दौरान महिलाओं ने पूरे गाँव में विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए नशा विरोधी नारे जैसे दारू पीना बंद करो,दारू बेचना बंद करो,गांजा पीना बंद करो,जुआ खेलना बंद करो लगाए गए। इस जन आंदोलन में गाँव के पुरुषों ने भी सहभागिता निभाई और महिलाओं का साथ देते हुए नशा उन्मूलन के संकल्प को बल प्रदान किया। रैली का उद्देश्य केवल नारेबाजी नहीं, बल्कि गाँव के नागरिकों को जागरूक करना था कि नशा सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, पूरे समाज के लिए हानिकारक है। महिलाओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि आगे कोई भी व्यक्ति नशा करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध थाने में सूचना दी जाएगी।इस अभियान ने गाँव की महिलाओं को न सिर्फ एकजुट किया बल्कि समाज में उनकी भूमिका को और भी मजबूत किया। यह कार्यक्रम सामाजिक सुधार की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। ग्राम कांसा की यह पहल निश्चित ही आसपास के गांवों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।


नशामुक्ति अभियान के तहत निकली रैली।

## अशासकीय विद्यालय संघ की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश की कार्यकारिणी का गठन हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन 4 मई को रायपुर के होटल मेरीगोल्ड में हुई।

प्रदेश स्तरीय बृहद बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी एवं प्रदेश सचिव मनोज पाण्डेय ने सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया। संगठन का विस्तार करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सहसचिव, कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता भाटापारा, उपाध्यक्ष स्टेफर्ड बर्न्स गरियाबंद, जितेंद्र तिवारी बालोद, रामकिंकर पाण्डेय कोरिया,अजय दुबे कोरबा, विशंभर साहू सारंगढ़ बनाए गए। सहसचिव का दायित्व उमेश साहू कांकेर, ब्रह्म दत्त त्रिपाठी मुंगेली, अक्षय दुबे कोरबा, मोहम्मद फिरोज गरियाबंद, पुष्कर गोस्वामी गरियाबंद, पारख दास मानिकपुरी धमतरी और संतोष तिवारी भाटापारा को बनाया गया। कोषाध्यक्ष का दायित्व विनोद पाण्डेय धमतरी को सौंपा गया। मांगो में आरटीई की प्रतिपूर्ति की राशि को बढ़ाने, आरटीई राशि प्रतिवर्ष मार्च माह तक मिलने, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तक को संकुल स्तर तक पहुंचाने एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षक , शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने के विगत कुछ वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए डी.एल.एड एवं डी. एड. की ट्रेनिंग व्यवस्था पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई।




## समर कैंप में 20 दिनों के कार्यक्रमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बच्चों को ग्रीष्मावकाश में रचनात्मक गतिविधियों में शामिल कर सीखने सिखाने की प्रक्रिया से जुड़े रहने हेतु स्कूलों में समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बच्चे इसके माध्यम से कुछ नई चीज सिख सके।

इसी के तहत बालक प्राथमिक एवं बालक पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी विकास खंड बलौदा में 20 दिवसीय समर कैंप की आज शुरुआत की गई । दोनों स्कूल का संयुक्त रूप से यह कैंप चलेगा। शैक्षिक समन्वयक अशोक तिवारी ने इस कैंप के महत्व और बीस दिनों के दैनिक कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित बच्चों को दी। प्राथमिक शाला के प्रभारी शिक्षक यशवंत देवांगन ने आज प्रथम दिवस के विषय पोस्टर बनाना और खुद को जानना के बारे में विस्तार से बताया। मिडिल स्कूल प्रधान पाठक राजू देवांगन ने उपस्थित बच्चों को इस ज्ञानवर्धक सत्र में सभी बच्चों को नियमित रूप से भाग लेकर कैंप का लाभ उठाने को कहा। शिक्षक नरेश देवांगन ने बताया कि यह कार्यक्रम आपके ज्ञान में वृद्धि कर अध्ययन के अलावा एक नई चीज सीखने को देगा। प्राथमिक और पूर्व मा के बच्चों को फिर एक एक समूह में बैठकर अपनी सोच के आधार पर पोस्टर बनाने को कहा गया । बच्चों ने प्रकृति पर आधारित ज्ञानवर्धन पोस्टर बनाए और उसकी व्याख्या भी किए। अंतिम दिन बच्चों को पुरस्कृत कर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।


समर कैंप में उपस्थित बच्चें।

### छग अठोरिया यादव समाज की में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

**पामगढ़।** छग अठोरिया यादव समाज की बैठक 4 मई को ग्राम जेवरा में रखी गई थी। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज का समाजिक चुनाव , पामगढ़ मे नवीन यादव समाज का सामुदायिक भवन लोकार्पण, आय व्यय का ब्यौरा, वार्षिक कार्य योजना का रुपरेखा तैयार करना सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सोनाराम यादव द्वारा की गई। सभी सदस्यो ने बैठक एजेंडा पर अपनी अपनी विचार व्यक्त किये तथा बैठक मे 7 जुन को ग्राम ब्यासनगर मे छ.ग. छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज के पदाधिकारियों का चुनाव कार्यक्रम आयोजित है। इस हेतु 18 मई को सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। 25 मई को अंतिम मतदाता सुची प्रकाशन किया जाएगा तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों से 28 मई तक नामांकन दाखिल कराने की प्रक्रिया की जाएगी 30 मई नामांकन वापसी एवं दावा स्वीकार किये जाएंगे। 7 जून चुनाव प्रक्रिया महाधिवेशन प्रात 11 बजे से रखा गया है।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में साधकों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन कोटमीसोनार में अकलतरी, मधवा, पोड़ी के साधकों ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व प्रशासिका डॉ. रतन मोहिनी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशि प्रभा ने कहा कि 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में उनका जन्म हुआ। बचपन से आध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी ने विश्व शांति और नारी सशक्तिकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। 1937 में ब्रह्माकुमारीज़ की स्थापना से लेकर आज तक 87 वर्ष तक यात्रा की साक्षी रही पिछले 40 से अधिक वर्षों में से आप संगठन के ही युवा प्रभाग की अध्यक्ष रही। उनके नेतृत्व में 20 अगस्त 2006 में मुंबई से स्वर्णिम भारत युवा पदयात्रायात्रा का आरंभ किया गया और तिनसुकिया असम में समापन किया गया। युवा पदयात्रा द्वारा पूरे देश में 30हजार किलोमीटर का सफर तय किया गया। युवाओं और महिलाओं के आध्यात्मिक नैतिक और सामाजिक सशक्तिकरण में उनके योगदान के लिए देश-विदेश में कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।



